pan>

Title: Demand to construct a flyover in Sholapur city.

**डॉ. जयसिधेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर):** सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र शोलापुर शहर के हैदराबाद रोड परिसर में कृषि उपज मंडी है। इस मंडी में महाराष्ट्र के अलावा कर्नाटक, बीजापुर, गुलबर्गा, हैदराबाद आदि इन शहरों से अनाज के लगभग पांच हजार ट्रक शोलापुर मार्केट में खरीदी-बिक्री के लिए प्रतिदिन आते हैं। परंतु शोलापुर शहर में फ्लाइओवर न होने के कारण इन ट्रकों को आवागमन में समस्याएं होती हैं, क्योंकि शोलापुर मंडी में आनेवाले ट्रकों को केवल दोपहर एक से चार बजे तक प्रवेश की अनुमति है और रात के नौ बजे से लेकर प्रात: छह बजे के बीच आवागमन करने की अनुमति है, जिसके कारण यह ट्रक निर्धारित समय को छोडकर बाकी वक्त के समय शहर के चारों और महामार्ग पर खड़े रहते है। इन ट्रकों को शहर से आवागमन करने के लिए आठ से नौ घण्टे तक रूकना पडता है। इस समस्या के कारण व्यापारी अपना अनाज शोलापुर मंडी में भेजने को टालते हुए अपना अनाज दूसरे शहरों की उपज मंडी में भेज रहे हैं। इस कारण शोलापुर कृषि उपज मंडी में अनाज की खरीदी-बिक्री पर विपरीत परिणाम हो रहा है। जिसके कारण शोलापुर के व्यापार में मंदी आ रही है। दिनभर शहर के चारों ओर ट्रक खडे रहने के कारण शहर के नागरिकों को आवागमन करने में अनेक समस्याओं का सामना करना पडता है। इसलिये मैं माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि शोलापुर शहर के ओल्ड पुणे नाका से पत्रकार भवन और कृषि उपज मंडी से बीजापुर रोड बाइपास तक फ्लाइओवर बनाकर शोलापुर के व्यापाकार को बढ़ाने में और शहर में यातायात सुचारू रूप से होने के लिए सहायता करें।